nt>

Title: Need to convert Swarupsar-Sriganganagar meter gauge rail line in Rajasthan into broad gauge -Laid.

श्री निहाल चन्द चौहान (श्रीगंगानगर) : उपाध्यक्ष महोदय, स्वरूपसर श्रीगंगानंगर, राजस्थान में वर्तमान में मीटर गेज लाईन है। उक्त लाईन को परिवर्तन करने के लिए 1997-98 में बजट में लिया गया था, परन्तु अपेक्षित स्वीकृति नहीं मिलने के कारण ब्राड गेज लाईन नहीं बन सकी। मा0 प्रधान मंत्री महोदय, ने 1998 में हनुमानगढ़ जन सभा में उक्त लाईन को ब्राडगेज में परिवर्तन करने की घोाणा भी की, परन्तु अभी तक कुछ भी नहीं हो पाया। महोदय, यह सीमांत क्षेत्र की मात्र एक मीटर गेज रेल लाईन है। रक्षा की दृटि से भी यह लाईन अत्यंत जरूरी है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि लाईन को ब्राड गेज करने के लिए अपेक्षित स्वीकृति प्रदान करें।